
Sahitya Akademi
साहित्य अकादेमी


India International Centre
भारतीय अंतर्राष्ट्रीय केन्द्र

*16* **April** *2008*
16 अप्रैल 2008

# meet the author
# लेखक से भेंट

**Sethu** ***(A. Sethumadhavan)***
**सेतु (ए. सेतुमाधवन)**





*"I believe that most of my stories are the endless journeys of my mind. In this era of globalisation and neo-colonisation in various forms and shades, the soft targets have always been the soil (the earth) and woman. My favorite terrain has been the unexplored mindscape of desolate, forlorn women..."*

**- Sethu**

Sethu (A. Sethumadhavan) is a rare kind of Malayalam fiction writer. A professional banker for most of his life, he had embarked upon an official career at the tender age of nineteen. Between his professional life and literary life, he did not seem to have very much of the public life of a run-off-the-mill man of letters—by way of spending countless hours in conversation or discussion with the literati. But his presence in print remained in the pages of literary magazines and publishing houses, always on top. Creating his own world of fantasies and nightmares to people the modern man in, Sethu emerged as the proverbial 'loner.' To quote K.Satchidanandan, "Sethu belongs to a highly innovative generation of fiction writers in Malayalam who pioneered a radical transformation of sensibility in the sixties and early seventies...." Sethu is this year's Sahitya Akademi winner in Malayalam; the opening quote is from his acceptance speech.

Born in the ancient and historic village Chendamangalam in the Ernakulam District of Kerala in 1942, an only child, Sethu grew up drinking in the beauty of the place surrounded by three rivers, with seven inlets, hillocks and large expanses of green plains.

Sethu had his school education at the renowned Paliam High School at Chendamangalam, which celebrated its centenary recently. He took his Bachelor's Degree in Physics from the Union Christian College, Aluva, at the age of eighteen. After taking up various jobs, he joined the State Bank Group, where he rose to the level of Deputy General Manager. Later, he served as the General Manager of Corporation Bank for more than two years. He then became the Chairman and Chief Executive Officer of South Indian Bank, a major private sector bank, in June 1999. He retired from the bank's service in June 2005. He has attended many international conferences on banking in London, Düsseldorf, Hong Kong and Singapore, to name a few. Currently he is on the Board of Directors of the State Bank of Travancore.

As a child, Sethu entered the world of letters through the books of the small village library at Chendamangalam which stocked many classics, and remained a committed reader from his childhood. He was, however, never the one to push forward with his hold on literature to capture centre-stage, as he preferred to be in his own inner world.

Travelling to the big north Indian cities at a very early age in search of a professional career, however, changed that introvert into an observant commentator of the inward and outward aspects of human life. His forays into this almost alien milieu and the unique experiences he gathered from the different places of his posting equipped him with the material for writing with great variety. The writer within him developed steadily as he delved deep into the human psyche and

observed the myriad intricacies of human behaviour and charted out plots for his different stories and novels.

During his professional life in New Delhi in the mid-sixties of the last century, he was within the circle of several young writers, who pioneered the 'modernist' revolution and eventually opened up a new vista in Malayalam fiction—V.K.N, O.V.Vijayan, Kakkanadan, M.P.Narayana Pillai, M. Mukundan, Jayadevan and others. The Kerala Club, opposite the Barakhamba Road-end at Connaught Place, where a weekly meeting of the Sahiteesakhyam—which is functional even to this day—proved to be a permanent forum for Sethu, like many others,

and Kannada. His other important novels are, *Njangal Adimakal, Niyogam, Vilayaattam, Aaraamathe Penkutti, Kaimudrakal, Atayalangal* (which won the Sahitya Akademi Award 2007) etc. He has written around two hundred stories, which run into seventeen collections, and five Select Volumes, many of which have been translated into other Indian languages. The TV series, *Sethuvinte Kathakal*, (Stories of Sethu) comprising seventeen stories, was telecast by Doordarshan. His story *Ottu* was made into a telefilm, also for Doordarshan. Two of his novels, *Pandavapuram* and *Njangal Adimakal*, have been made into films. A film based



Receiving Kerala Sahitya Academy Award for short story (1978) from P.C.Kuttikrishnan (Uroob). Pavanan also can be seen in the background.

to read his work and subject it to the incisive and constructive criticism of the members. This 'ordeal by fire' made him bold and tough, and to a great extent, launched him confidently on to a successful literary career.

Sethu's first story, "Dahikkunna Bhoomi"(The Thirsty Earth") appeared in the *Mathrubhumi Weekly* in 1967. Thereafter, he has been continuously engaged in fiction writing. Sethu has to his credit fifteen novels. His much-acclaimed novel *Pandavapuram* has been translated into English and Tamil

on *Pandavapuram* was also made in Bengali under the name *Nirakar Chhaya* by Ashish Avikuntak.

*Pandavapuram* is a novel that switches from dream to wakefulness, from the past to the present, and mixing fantasy and reality as effortlessly as kneading dough. The novel deals with the intense inner world a woman is caught up in, unable to express herself, while the husband, or the man, is at large, doing what he wants with his body and mind. The morbid mind of the heroine fantasizing the milieu



Receiving Kerala Sahitya Academy Award for novel (1982), from Shri P.Ramachandran, Governor of Kerala.

called Pandavapuram, 'as teeming with paramours' expresses the central theme poignantly. Prof. Didier Coste, Michel de Montaigne University, Bordeaux says: "....*Pandavapuram*... is a novel of Space, lost, found and created, which seeks to invest individual affects into historically relevant places and ways of life. Its basic time structure is not cyclic nor uniform since it is sharply and conflictingly cleft between ever- moving historical time which should drag the characters along with it, and two individual times: the one of the paramour who, like another Wandering Jew, is never allowed to stop somewhere and be redeemed, and the arrested time of the lonely, abandoned wife who wants to attract the paramour to her, manipulate and destroy him in revenge...."

His novel *Niyogam* (Destiny) has been described by critics as the logical progression from *Pandavapuram*. V.M. Vinayakumar, a leading Malayalam critic, opines that the distance between *Pandavapuram* and *Niyogam* is that of the soul from the body. Another critic sees the purity of the rituals of the Tantric sect in Sethu's detailed analysis of man-woman relationships and says definitively that no other Malayalam novelist has succeeded in preparing an accurate graph of the rise and fall in man-woman relationships as Sethu has accomplished in *Niyogam*.

*Vilayaattam* (At Large, Frolicking) can be looked at as a parody of crime fiction, at one level. This novel has two editions, one in 1981 and the other in 1999. The second 'revised' edition marks the author's creative leap into the realm of postmodernism. In the history of a novel, these 'two lives' afforded to a work by the same author certainly brings in questions of the relevance of authenticity and authorial authority in the changed perspectives on 'writing' in an era when everything is seen as part of one gargantuan text.

Meenakshipalayam, the locale of the novel *Atayaalangal* (Signs), strikes one as enveloped by some invisible, malevolent force. Though the name of the place indicates some feminine grace, it is brute masculine force that is operational in the factory and around. The travails of a working woman separated from her husband, and faced with the steely impenetrability of the intransigence of male dominance at work place, is portrayed in this novel with striking relevances for the present, and prophetic innuendos for the future.

*Aaraamatthe Penkutty* (The Sixth Daughter) is, according to a critic, a 'feminist novel' that has come from Sethu's pen. The story takes place in a Tamil Nadu village. The heroine Kadambari, a flower crushed and cast aside, stands for several thousands of girl children who have met similar fates. The critic asserts that Sethu has re-written the Manu Smriti through this novel.

*Kaimudrakal* (Hand Gestures) is a novel in which Sethu deals with migration and self-exile in search of professional advancement, and with consequent alienation from one's root culture. The dominant theme is of course the building up of corporate empires, and the unscrupulous power games the new mandarins of business and industry and trade unions play.

His novels having been dealt with first, his stories naturally comes next in order, but that does not mean that they are any the less in value. In fact, Sethu's fictional universe comprises novels and stories that are most extra-ordinary and have organic relationships with one another. For example, his story "Doothu", (The Mission) deals with an intricate father-son relationship and it has a supernatural or astral element to it from the very beginning. Collections like *Petiswapnangal*, (Nightmares), *Ayalpakkam*, (Neighbourhood), *Doothu* (The Mission), *Nooleni* (The String-rope), *Prakaashathinte Uravidom* (The Source of Light), *Etho Oru Vazhipokkan* (Some Wayfarer) contain stories which are important in the history of Malayalam short fiction.

Sethu also has two collections of essays. Translation of his novel *Niyogam* is coming out shortly, titled *The Wind from the Hills* from Eastwest & Westland Books. Both *Pandavapuram* and *Niyogam* have been translated into English by Prema Jayakumar.

Sethu is widely travelled around the world. He had visited U.S.A.,U.K, Australia, Germany, Switzerland, France and certain other European, and almost all Gulf countries.

Sethu is the winner of major literary awards such as, Kerala Sahitya Academy Award (1978) for *Petiswapnangal* (stories), Kerala Sahitya Academy Award (1982) and Muttathu Varkey Award (2003) for *Pandavapuram* (novel), Viswadeepam Award (1989)for *Niyogam* (novel), Padmarajan Award (1994) for *Uyarangalil* (story), Malayattoor Award (1999) for *Kaimudrakal* (novel), Katha Award, Delhi for *Velutha Kootarangal* (story), Vayalar Award (2006) Pravasi Kerala Award, Muscat (2006) and Sahitya Akademi Award (2007) for *Atayalangal* (novel), etc.

He also won film awards like Kerala State Film Award *(1997* for the story of the film *Poothiruvathira Ravil* based on the novel *Njangal Adimakal*.

The works of a writer like Sethu remains like a mysterious treasure island, enticing the reader with the pleasure of unexpected excitements and fulfillments of prophesies long made, and revelations freshly deciphered. Much more than observing the outer periphery of human existence, Sethu explores the wondrous world of archetypes, dreams, fantasies and nightmares, shedding precious light on the enigmas of existence.



Parents E.G.Govinda Pillai & Ammini Amma

# A Select Bibliography

## Novels

*Njangal Adimakal* (1972) Haritham Books, Calicut *

*Nananja Mannu* (1973) Current Books, Thrissur

Ariyatha Vazhikal (1973) DC Books *, Kottayam

*Navagrahangalude Thatavara* (1975) DC Books * "

*Kiraatham* (1975) Haritham Books * "

*Vanavaasam* (1976) SPCS, Kottayam

*Thaliyola* (1977) Haritham Books *

*Pandavapuram* (1979) DC Books *, Kottayam

*Vilayaattam* (1981) Poorna Books *, Kozhikode.

*Niyogam* (1988) DC Books, Kottayam.

*Ezhampakkam* (1990) Haritham Books *

*Kaiyoppum Kaivazhikalum* (1996) Current Books, Kottayam

*Kaimudrakal* (1998) DC Books, Kottayam

*Atayalangal* (2005) DC Books "

*Aaraamatthe Penkutty* (2006) DC Books "

(* Present Publishers)

## Stories

*Prakasathinte Uravidam* (1969) Current Books, Thrissur

*Pambum Koniyum* (1970) SPCS, Kottayam

*Desathinte Vijayam* (1978) Prabhat Books, Trivandrum

*Petiswapnangal* (1977) SPCS, Kottayam

*Aswinathile Pookkal* (1982) SPCS, Kottayam

*Ayalpakkam* (1985) Current Books, Kottayam

*Doothu* (1987) DC Books, Kottayam

*Nooleni* (1988) Malayalam

*Etho Oru Vazhipokkan* (1988) SPCS, Kottayam

*Guru* (1990) Current Books, Kottayam

*Ammu* (1991) Current Books, Kottayam

*Velutha Kootarangal* (1994) DC Books, Kottayam

*Thinkalazhchakalile Akasham* (1997) DC Books, Kottayam

*Moonnam Lokathe Pakshikal* (1998) SPCS, Kottayam

*Mattoru Dotcom Sandhyayil* (2002) Current Books, Thrissur

*Arundhatiyute Virunnukaran* (2004) DC Books, Kottayam

*Chila Kalangalil Chila Gayathrimar* (2007) DC Books, Kottayam

## Select Volumes of Stories

*Sethuvinte Kathakal* (1984) Current Books, Kottayam

*Prahelika Kandam* (2003) DC Books, Kottayam

*Penmanassukaliloode* (2005) Mathrubhumi, Kozhikode

*Malayalathinte Suvarna Kathakal* (2006) Green Books

*Sampoorna Kathakal* (2007) Poorna Books, Kozhikode

## Essays

*Sanidasa* (2001) Current Books, Thrissur

*Yathrakkidayil* (2006) Green Books

## Translations

*Pandavapuram* - (English) Macmillan

*Pandavapuram* - (Tamil)

*Pandavapuram* - (Kannada in print)

(*Niyogam* in English titled *The Wind from the Hills* is being brought out by Eastwest & Westland Books.

# A Chronology

1942 Born at Chendamangalam, Kerala

1960 Completed college education at U.C.College, Aluva and graduated in Physics

1961 Joined the Defence Accounts Department at

Pune and later worked at Katni in Madhya Pradesh

1962 Joined the India Meteorological Department at Colaba, Mumbai

1964 Transferred to the Met. Observatory, Thiruvananthapuram and then to the Thumba Equatorial Rocket Launching Station

1966 Promoted and transferred to the Institute of Tropical Meteorology, Pune

1966 Joined the Railway Board, New Delhi as Assistant

1967 Wrote the first story *Dahikkunna Bhoomi* in the prestigious *Mathrubhumi* weekly. Started writing his first novel *Nananja Mannu* while in Delhi.

1967 Transferred to the State Bank of Travancore, Thiruvananthapuram. Thereafter worked at different branches/offices of the bank as Manager, Chief Manager etc. Continued writing actively during this period.

1968 Left the Central Govt. service and joined the State Bank of Patiala, Faridkot, as Probationary Officer - Completed the novel during this period

1976 Commenced writing his landmark novel *Pandavapuram* while working at Thiruvananthapuram. It was serialised in *Mathrubhumi* weekly in 1977

1978 Kerala Sahitya Academy Award for *Petiswapnangal* (stories)

1982 Kerala Sahitya Academy Award for *Pandavapuram* (novel)

1986 Promoted as Asst. General Manager and headed the Foreign Exchange Dept of the Bank. Awarded the Katha Prize for the story *Velutha Kootarangal*. *Pandavapuram* was made into a film in Malayalam.

1989 Viswadeepam Award for the novel *Niyogam*. A telefilm *Ottu* was telecast by Doordarshan

1993 Promoted as Dy. General Manager of the Bank and transferred to State Bank of Hyderabad, Chennai

1994 Won the Padmarajan Award for the story *Uyarangalil*

1997 Joined the Corporation Bank, Mangalore, as General Manager. Won the *Kerala State Film Award for* the film *Poothiruvathira Ravil* produced by NFDC based on the novel *Njngal Adimakal*. A 17 episode serial of stories entitled *Sethuvinte Kathakal* was telecast by Doordarshan

1999 Joined the South Indian Bank Ltd., Thrissur, a major private sector bank of India as its Chairman and CEO

1999 Malayattoor Award for the novel *Kaimudrakal*

2003 Muttathu Varkey Award for the novel *Pandavapuram*

2005 Retired from Banking service

2006 Won the prestigious Vayalar Award for the novel *Atayalangal* (novel)

2006 *Atayalangal* (novel) also won the Pravasi Kerala Award, Muscat. *Nirakar Chhaya* a film in Bengali based on *Pandavapuram* was premiered at the renowned Locarno Film Festival, Switzerland.

2007 *Atayalangal* (novel) won the Sahitya Akademi Award

2007 Joined the Board of Directors of the State Bank of Travancore, a major bank of the State Bank Group



*मेरा मानना है कि मेरी अधिकांश कहानियाँ मेरे मन की अनंत यात्राएँ हैं। भूमंडलीकरण और नव उपनिवेशकरण के इस युग में विविध रूपों में सदा धरती और स्त्री निशाने पर रहे हैं। एकाकी, परित्यक्त महिलाओं की अनुद्घाटित मन:स्थितियाँ मेरा प्रिय क्षेत्र रही हैं।*

**—सेतु**

सेतु ( ए.सेतुमाधवन ) मलयाळम् के एक अनूठे कथाकार हैं। उन्नीस वर्ष की वय में अपने कार्यालयीन जीवन की शुरुआत कर आपने अपना अधिकांश जीवन बैंकिंग सेवा को समर्पित किया। आपके कार्य जीवन और साहित्यिक जीवन को देखते हुए ऐसा प्रतीत होता है कि दूसरे लेखकों की तरह बातचीत और वाद-विवाद में घंटों वक़्त बिताने की फ़ुरसत आपको नहीं मिल पाती होगी। किन्तु, जहाँ तक लेखन का सवाल है, आपकी उपस्थिति साहित्यिक पत्रिकाओं तथा प्रकाशन घरों में सर्वदा शीर्ष स्थान पर रही है।

आधुनिक मनुष्य के लिए आपने फंतासियों और दु:स्वप्नों का अपना ही एक संसार रचा है। के. सच्चिदानंदन के शब्दों में, "सेतु मलयालम् भाषा के उन उच्चकोटि के अत्यंत नव प्रयोगशील रचनाकारों की पीढ़ी के कथाकार हैं, जिन्होंने साठ तथा सत्तर के दशक के आरंभ में संवेदनाओं के मूलभूत रूपांतरण की अगुवाई की...." सेतु को इस वर्ष मलयाळम् के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। प्रारंभिक उद्धरण उनके स्वीकृति वक्तव्य से है।

सेतु का जन्म 1942 में केरल के एर्णाकुलम ज़िले के प्राचीन ऐतिहासिक गाँव चेन्दामंगलम, में हुआ। अपने माता-पिता की इस इकलौती संतान की परवरिश तीन नदियों, सात प्रवेश-मार्गों, छोटी-छोटी पहाड़ियों तथा विशाल हरे-भरे मैदानों से घिरे प्राकृतिक सौन्दर्य से भरपूर क्षेत्र में हुई।

सेतु ने आरंभिक शिक्षा चेन्दामंगलम स्थित सुप्रसिद्ध पालिअम हाई स्कूल से प्राप्त की, जिसने हाल ही में अपनी शतवार्षिकी मनाई है। आपने अठारह वर्ष की वय में यूनियन क्रिस्चियन कॉलेज, आलुवा से भौतिकी में स्नातक की उपाधि प्राप्त की। विभिन्न प्रकार के काम करने के पश्चात आपने द स्टेट बैंक समूह में पदभार ग्रहण किया, जहाँ पर कार्य करते हुए आप उपमहाप्रबंधक के पद पर आसीन हुए। तत्पश्चात आप कॉर्पोरेशन बैंक में दो वर्षों से अधिक समय तक महाप्रबंधक के पद पर रहे। जून 1999 में आप साउथ इंडियन बैंक के अध्यक्ष तथा मुख्य कार्यपालक अधिकारी बने। जून 2005 में आप बैंक से सेवानिवृत्त हुए। आपने लंदन, डुस्सेलडोर्फ़ , हांगकांग तथा सिंगापुर में बैंकिंग पर आयोजित कई अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठियों में भाग लिया। संप्रति, आप द स्टेट बैंक ऑफ़ ट्रैवेनकोर के निदेशक मंडल में हैं।

बाल्यावस्था में सेतु ने अपने गाँव के पुस्तकालय के माध्यम से शब्दों के संसार में क़दम रखा जहाँ पर कई गौरव ग्रंथ उपलब्ध थे। आप बचपन से ही एक प्रतिबद्ध पाठक रहे। आप ऐसे लोगों में कभी शामिल नहीं रहे जो साहित्य पर अपने अधिकार के कारण स्वयं को केन्द्र में रखना चाहते हैं। आप सदा से ही स्वयं के अंत:संसार में विचरण करना अधिक पसंद करते रहे हैं।।

आपने अल्प वय में ही काम की तलाश में उत्तर भारत के कई बड़े शहरों का दौरा किया, जिसने आपको अंतर्मुखी व्यक्ति से मानवीय जीवन के अंत: और बाह्य पक्षों का एक सतर्क टीकाकार बना दिया। नौकरी के दौरान विभिन्न स्थानों से प्राप्त अनूठे अनुभवों ने आपको लेखन के लिए अत्यधिक विविधता वाली सामग्री प्रदान की। जैसे-जैसे आप मानव-मनोविज्ञान में गहरे उतरे तथा मानवीय व्यवहार की असंख्य जटिलताओं का अवलोकन किया और अपनी विभिन्न कहानियों एवं उपन्यासों के कथानकों के लिए उनका

उपयोग किया, आपके भीतर का लेखक विकसित होता गया।

पिछली सदी के साठ के दशक के मध्य में जब आप नई दिल्ली में कार्यरत थे, तब आप उन कई युवा लेखकों के समूह में रहे, जिन्होंने 'आधुनिकतावादी' आंदोलन की अगुवाई की और अंततः इसके द्वारा मलयाळम् कथासाहित्य में एक नए युग का सूत्रपात किया। इनमें प्रमुख थे—वी.के.एन., ओ.वी. विजयन, कक्कनाडन, एम.पी. नारायण पिळ्ळै, एम.मुकुंदन, जयदेवन तथा अन्य। द केरल क्लब में जो बाराखंबा रोड के अंत में सामने कनॉट प्लेस में स्थित है, 'साहितीसाख्यम' की साप्ताहिक बैठक होती थी, जो आज भी होती है। दूसरों की तरह सेतु के लिए यह एक स्थायी मंच था, जहाँ वे अपनी रचनाएँ पढ़ते और सदस्य उनकी तीक्ष्ण तथा सृजनात्मक आलोचना करते। इस कड़ी 'अग्निपरीक्षा' ने उन्हें निडर और साहसी बना दिया तथा उनके लिए सफल साहित्यिक जीवन का मार्ग प्रशस्त किया।

सेतु की पहली कहानी 'दहिक्कुन्ना भूमि' ( प्यासी धरती ) 1967 में *मातृभूमि साप्ताहिक* में प्रकाशित हुई। तत्पश्चात वे निरंतर कथासाहित्य के क्षेत्र में सृजनशील रहे। सेतु ने पंद्रह उपन्यास लिखे हैं। आपके बहुचर्चित उपन्यास *पांडवपुरम* का अंग्रेज़ी, तमिष़ और कन्नड भाषाओं में अनुवाद हुआ है। आपके अन्य महत्त्वपूर्ण उपन्यास हैं— *अंगळ अडिमकळ, नियोगम, विलयाट्टम, आरामत्ते पेण्कुट्टी, कइमुद्रकळ, अडयाळंगळ*( इस कृति को वर्ष 2007 के साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया है ) आदि। आपने लगभग दो सौ कहानियाँ लिखी हैं, जो सत्तरह संग्रहों तथा पाँच चुनिन्दा खंडों में संग्रहीत हैं। इनमें से अनेक कहानियों का अनुवाद अन्य भारतीय भाषाओं में हुआ है। सेतु द्वारा लिखित सत्तरह कहानियों पर आधारित टी.वी धारावाहिक *सेतुविण्टे कथकळ* का प्रसारण दूरदर्शन द्वारा किया जा चुका है। आप द्वारा लिखित कहानी *ओट्टु* पर भी दूरदर्शन के लिए एक टेलीफ़िल्म बनाई गई है। आपके दो उपन्यासों *पांडवपुरम* और *अंगळ अडिमकळ* पर भी फ़िल्में बनाई गई हैं। *पांडवपुरम* पर *निराकार छाया* के नाम से आशीष अविकुंतक द्वारा एक बाङ्ला फ़िल्म का निर्माण किया गया है।

*पांडवपुरम* एक ऐसा उपन्यास है जो स्वप्न से जागरण, अतीत से वर्तमान में लाता है तथा सहज रूप से कल्पना और वास्तविकता को एकमेक करता है। यह उपन्यास अपने अंत:संसार में जकड़ी एक स्त्री की कहानी है, जो खुद को अभिव्यक्त कर पाने में सक्षम नहीं है, जबकि उसका पति अथवा उपपति, उसके शरीर और मन के साथ जो चाहता है, करता हैं। उपन्यास की नायिका के रुग्ण मन को पांडवपुरम कहा गया है। 'यही उपन्यास का केन्द्रबिन्दु है, जिसे मर्मस्पर्शी ढंग से अभिव्यक्त किया गया है। प्रो. दिदिएर कोस्ते ( माइकेल दे मोंतेन यूनिवर्सिटी, बोरदेक्स ) कहते है, .... *पांडवपुरम...* समयकाल ( स्पेस ) का उपन्यास है, जो खो गया, मिला और सर्जित किया गया। यह ऐतिहासिक रूप से प्रासंगिक स्थलों तथा



केरल के मुख्यमंत्री श्री ई.के. नयनार से कहानी के लिए केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार ( 1997 ) प्राप्त करते हुए



एम.टी. वासुदेवन नायर से मुट्टत वर्की पुरस्कार ( 2003 ) प्राप्त करते हुए। साथ में प्रो. सुकुमार अष़ीक्कोड और श्री एम.मुकुंदन

जीवन पद्धतियों पर वैयक्तिक प्रभावों का निवेश करना चाहता है। इसकी आधारभूत काल संरचना न तो चक्राकार है और न ही एकसमान, क्योंकि इसे बड़ी ही कुशाग्रता तथा द्वंद्वात्मकता से चलायमान ऐतिहासिक समय के मध्य दर्शाया गया है जो चरित्रों को को अपने साथ खींच कर ले जाता है। इस उपन्यास में दो वैयक्तिक समय हैं—एक उस उपपति का, जो उस भ्रमणशील यहूदी की भाँति है, जिसे कहीं भी ठहरने की अनुमति नहीं है तथा जो निष्क्रीत है और दूसरा आबद्ध समयकाल उस अकेली पत्नी का है जो चालाकी से अपने उपपति को आकर्षित करना चाहती है तथा प्रतिशोधवश उसे नष्ट कर देना चाहती है......"

आपके उपन्यास *नियोगम* ( नियति ) को समालोचकों ने *पांडवपुरम* की तार्किक प्रगति के रूप में व्याख्यायित किया है। प्रख्यात मलयाळम् समालोचक वी.एम. विनयकुमार का मत है कि *पांडवपुरम* और *नियोगम* में उतना ही अंतर है, जितना आत्मा और शरीर में। एक अन्य समालोचक सेतु के स्त्री-पुरुष के संबंधों के व्यापक विश्लेषण में तांत्रिक संप्रदाय की धार्मिक अनुष्ठानों की पवित्रता देखते हैं और कहते हैं कि जिस प्रकार सेतु *नियोगम* में स्त्री-पुरुष के गिरते-उठते संबंधों का ठीक-ठीक ग्राफ़ तैयार कर पाने में सफल हुए हैं, निश्चितरूप से उतना अन्य कोई भी मलयाळम् उपन्यासकार सफल नहीं हुआ है।

*विळयाट्टम* को एक स्तर पर अपराध कथा की एक पैरोडी के रूप में देखा जा सकता है। इस उपन्यास के दो संस्करण हैं पहला 1981 में प्रकाशित हुआ तथा दूसरा 1999 में। दूसरा संशोधित संस्करण लेखक की उत्तर आधुनिकतावाद के क्षेत्र में रचनात्मक उछाल को दर्शाता है। किसी उपन्यास के इतिहास में किसी एक ही लेखक द्वारा अपनी कृति को 'दो जीवन' प्रदान करना निश्चित तौर पर उसकी प्रामाणिकता की प्रासंगिकता तथा लेखकीय प्राधिकार पर प्रश्नचिह्न लगाता है, एक ऐसे युग में जब प्रत्येक चीज़ एक असाधारण पाठ के अंग के रूप में देखी जाती है।

*अडयाळंगळ* ( चिह्न ) उपन्यास में पृष्ठभूमि मीनाक्षीपलयम् की है जो किसी अदृश्य द्वेषपूर्ण शक्ति से आच्छादित होकर वार करता है। यद्यपि स्थान का नाम स्त्री गरिमा को प्रदर्शित करता है, लेकिन यह एक क्रूर पुरुष शक्ति है जो कि फैक्टरी में तथा उसके आसपास क्रियाशील हैं। परित्यक्त कामकाजी महिला की पीड़ा तथा कार्य स्थल पर पुरुष प्रधानता की कट्टरता की कठोर अनुदारता को उपन्यास में चित्रित किया गया है जो वर्तमान में अत्यंत प्रासंगिक है तथा भविष्य की ओर भी इंगित करता है।

*आरामत्ते पेण्कुट्टी ( छठी पुत्री )* एक आलोचक के अनुसार एक स्त्रीवादी उपन्यास है जो कि सेतु की कलम से उपजा है। इस उपन्यास की कहानी तमिलनाडु के एक गाँव की है। उपन्यास की नायिका कादंबरी, एक तरफ़ मसलकर फेंक दी गई फूल है, जो उन हज़ारों छोटी बच्चियों के लिए संघर्ष करती है जिनका भाग्य उसके जैसा ही है। आलोचक का कहना है कि सेतु ने अपने इस उपन्यास के माध्यम से *मनुस्मृति* की पुनर्रचना की है।

*कड़मुद्रकळ ( हस्त संकेत )* एक उपन्यास है जिसमें सेतु ने भौतिक प्रगति के लिए उस प्रव्रजन और स्वनिर्वासन की विवेचना की है, जिसमें व्यक्ति अपनी मूल संस्कृति से अलग-थलग होता जाता है। उपन्यास की प्रमुख विषय-वस्तु निस्संदेह कार्पोरेट साम्राज्य का निर्माण तथा व्यवसाय और उद्योग एवं ट्रेड यूनियन की अनैतिक सत्ता क्रीड़ाएँ हैं।

सेतु के कथा साहित्य में उपन्यासों को प्राथमिकता दी गई है और उनकी कहानियों को दूसरे नंबर पर रखा गया है, पर इसका अर्थ यह नहीं है कि वे कहीं से कमतर है। दरअसल, सेतु के कथा संसार में शामिल उपन्यास तथा कहानियाँ असाधारण हैं और एक-दूसरे के साथ उनके सहज संबंध हैं। उदाहरण के तौर पर उनकी कहानी 'दूत' जो है। उन्होंने अमेरिका, इंगलैंड, ऑस्ट्रेलिया, जर्मनी, स्विट्ज़रलैंड, फ्रांस तथा कई अन्य यूरोपीय देशों तथा लगभग सभी खाड़ी देशों की यात्राएँ की हैं।

सेतु प्रमुख साहित्यिक पुरस्कारों से सम्मानित हैं। आपको *पेडिस्वप्नंगळ* ( कहानी-संग्रह ) के लिए केरल साहित्य अकादेमी पुरस्कार ( 1978 ), *पांडवपुरम* उपन्यास के लिए केरल साहित्य अकादेमी पुरस्कार ( 1982 ) और मुट्टत वर्की पुरस्कार ( 2003 ), *नियोगम* के लिए विश्वदीपम पुरस्कार ( 1989 ), 'उयारंगलील' ( कहानी ) के लिए पद्मराजन पुरस्कार ( 1994 ), *कड़मुद्रकळ* ( उपन्यास ) के लिए मलायट्टूर पुरस्कार ( 1999 ), 'वेलुथा कूटंगल' ( कहानी ) के लिए कथा पुरस्कार दिल्ली, वयलार पुरस्कार ( 2006 ), प्रवासी केरल पुरस्कार, मस्कट ( 2006 ) तथा



एस. गुप्तन नायर से मलायट्टूर पुरस्कार प्राप्त करते हुए

कि पिता-पुत्र के जटिल संबंधों को उजागर करती है और जिसमें प्रारंभ से ही अलौकिक या ज्योतिष संबंधी तत्त्व हैं। *पेडिस्वप्नंगळ* ( दुःस्वप्न ), *अयलपक्कम* ( पड़ोस ), दूत, *नूलेनी, प्रकाशतिण्टे उरविडम* ( प्रकाश का स्रोत ), *एतो ओरु वषिपोक्कन* कहानी-संग्रहों में जो कहानियाँ संकलित हैं, वे मलयाळम कहानी साहित्य के इतिहास में महत्त्वपूर्ण स्थान रखती हैं।

सेतु के दो निबंध संकलन भी हैं। उनके उपन्यास *नियोगम* का अंग्रेज़ी अनुवाद *द विण्ड फ्राम द हिल्स* नाम से ईस्ट वेस्ट और वेस्ट लैण्ड बुक्स से शीघ्र प्रकाश्य है। *पांडवपुरम* और *नियोगम* दोनों का अंग्रेज़ी अनुवाद प्रेमा जयकुमार ने किया है।

सेतु ने व्यापक रूप से विश्वभ्रमण किया

*अडयाळंगळ* के लिए साहित्य अकादेमी पुरस्कार ( 2007 ) से विभूषित किया गया है।

आपके उपन्यास *अंगळ अडिमकळ* पर आधारित फ़िल्म 'पूतिरुवातिर राविल' की कहानी के लिए आपको केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार ( 1997 ) प्रदान किया गया।

सेतु जैसे लेखक का कृतित्व पाठकों के लिए रहस्यमय ख़ज़ाने वाला द्वीप है जो उन्हें सम्मोहित कर अप्रत्याशित उत्तेजना का सुख और बहुत पहले किए गए वादों के पूरा होने की संतुष्टि प्रदान करता है। सेतु मानवीय आस्तित्व की बाह्य परिधि का अवलोकन करने से ज़्यादा आद्यरूपों, फंतासियों और दुःस्वप्नों की तलाश करते हैं और अस्तित्व के रहस्यों पर प्रकाश डालते हैं।

# चुनिन्दा ग्रंथ सूची

## उपन्यास

*जंगल अडिमकळ* ( 1972 ) हरितम बुक्स, कालीकट *
*नानंज्जा मण्णू* ( 1973 ) करंट बुक्स, त्रिश्शूर
*अरियत वाषिकळ्* ( 1973 ) डी सी बुक्स *, कोट्टयम
*नवग्रहंगळुडे तडवरा* ( 1975 ) डी सी बुक्स *
*किरातम्* ( 1975 ) हरितम बुक्स *
*वनवासम्* ( 1976 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*तालियोला* ( 1977 ) हरितम बुक्स *
*पांडवपुरम* ( 1979 ) डी सी बुक्स *, कोट्टयम
*विळयाट्टम* ( 1981 ) पूर्णा बुक्स *, कोषीकोड
*नियोगम* ( 1988 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*एषमपक्कम* ( 1990 ) हरितम बुक्स *
*कड्योप्पुम कड्वाष्किलुम* ( 1996 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*कड्मुद्रकळ* ( 1998 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*अडयाळंगळ* ( 2005 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
आरामत्ते पेण्कुट्टी ( 2006 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
( *वर्तमान प्रकाशक )

## कहानी-संग्रह

*प्रकाशतिण्टे उरविडम* ( 1969 ) करंट बुक्स, त्रिश्शूर
*पामबुम कोनियुम* ( 1970 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*देशतिण्टेविजयम* ( 1978 ) प्रभात बुक्स, त्रिवेन्द्रम
*पेडिस्वप्नंगळ* ( 1977 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*अश्विनतिले पूकळ* ( 1982 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*अयलपक्कम* ( 1985 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*दूत* ( 1987 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*नूलेनी* ( 1988 ) मलयाळम्
*एतो ओरु वषियोक्कन* ( 1988 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*गुरु* ( 1990 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*अम्मु* ( 1991 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*वेलुता कूटंगळ* ( 1994 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
तिन्कलाष्चाकालिले आकाशम ( 1997 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*मून्नमा लोकाते पक्षिकळ* ( 1998 ) एस पी सी एस, कोट्टयम
*मट्टोरु डॉटकॉम संध्ययिल* ( 2002 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*अरुंधतियुटे विरुन्नुकारन* ( 2004 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*चिला कालंगळिल चिला गायत्रीमार* ( 2007 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम

## कहानी संचयन

*सेतुविण्टे कथकळ* ( 1984 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*प्रहेलिका कांडम* ( 2003 ) डी सी बुक्स, कोट्टयम
*पेनमानास्सुकालिलूडे* ( 2005 ) मातृभूमि, कोषिकोड
*मलयालातिण्टे सुवर्ण कथकळ* ( 2006 ) ग्रीन बुक्स
*सम्पूर्ण कथकळ* ( 2007 ) पूर्णा बुक्स, कोषिकोड

## निबंध

*शनिदशा* ( 2001 ) करंट बुक्स, कोट्टयम
*यात्रक्किडयिल* ( 2006 ) ग्रीन बुक्स




प्रो.एम.के सानु से वयलार पुरस्कार ( 2006 ) प्राप्त करते हुए।
प्रो. ओ.एन.वी. कुरुप भी चित्र में हैं

**अनुवाद**

*पांडवपुरम*( अंग्रेज़ी ) मैकमिलन
*पांडवपुरम* ( तमिष् )
*पांडवपुरम* ( कन्नड : मुद्रणाधीन )

( *नियोगम* के अंग्रेज़ी अनुवाद *द विण्ड फ्रॉम द हिल्स* का प्रकाशन शीघ्र ही ईस्ट वेस्ट एंड वेस्टलैण्ड बुक्स द्वारा किया जाएगा। )



पत्नी, पुत्रों, पुत्र-वधुओं और पौत्र के साथ

## प्रमुख घटनाएँ

1942 : जन्म चेन्दामंगलम, केरल में हुआ।

1960 : यू.सी.कॉलेज, आलुवा से भौतिकी में स्नातक की उपाधि।

1961 : पूना स्थित रक्षा लेखा अनुभाग में पदभार ग्रहण किया तथा बाद में कटनी, मध्यप्रदेश में कार्य किया।

1962 : कोलाबा, मुंबई के भारत मापविद्या विभाग में पद भार ग्रहण किया।

1964 : मेट्रोलाजिकल आब्ज़रवेटरी, तिरुवनंतपुरम में स्थानांतरण, तत्पश्चात थम्बा इक्वेटोरियल रॉकेट लाचिंग स्टेशन में कार्य।

1966 : पूना स्थित इंस्टीच्यूट ऑफ़ ट्रॉपिकल मेट्रोलॉजी में पदोन्नति एवं स्थानांतरण।

1966 : रेलवे बोर्ड, नई दिल्ली में सहायक के पद पर कार्य किया।

1967 : प्रतिष्ठित साप्ताहिक पत्रिका *मातृभूमि* में प्रथम कहानी 'दहिक्कुना भूमि' प्रकाशित। दिल्ली में अपने प्रथम उपन्यास *नानझा मण्णू* का लेखन कार्य प्रारंभ किया।

1967 : तिरुवनंतपुरम स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ ट्रैवेनकोर में स्थानांतरण। तदुपरांत बैंक की विभिन्न शाखाओं/कार्यालयों में प्रबंधक, महा प्रबंधक आदि पदों पर कार्य किया। इस दौरान आपने अपना लेखन कार्य जारी रखा।

1968 : केन्द्र सरकार की नौकरी छोड़ी तथा फरीदकोट स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ पटियाला में प्रोबेशनरी अधिकारी के पद पर कार्य किया। इसी दौरान अपना उपन्यास पूरा किया।

1976 : तिरुवनंतपुरम में कार्य करते हुए, आपने अपना बहुचर्चित उपन्यास *पांडवपुरम* लिखा। वर्ष 1977 से इसका शृंखलाबद्ध प्रकाशन साप्ताहिक पत्रिका *मातृभूमि* में प्रारंभ हुआ।

1978 : *पेडिस्वप्नंगळ*( कहानी-संग्रह ) के लिए केरल साहित्य अकादमी द्वारा सम्मानित।

1982 : *पांडवपुरम*( उपन्यास ) के लिए केरल साहित्य अकादेमी द्वारा सम्मानित।

1986 : सहायक महाप्रबंधक के पद पर पदोन्नित; बैंक की विदेशी मुद्रा विभाग

के प्रमुख के पद पर कार्य किया। 'वेलुता कूटरंगळ' कहानी के लिए आपको कथा सम्मान से विभूषित किया गया। *पांडवपुरम* पर मलयाळम् में एक फ़िल्म का निर्माण किया गया।

1989 : *नियोगम* के लिए आपको विश्वदीपम् सम्मान प्रदान किया गया। दूरदर्शन द्वारा *ओडु* नामक एक टेलिफ़िल्म का प्रसारण किया गया।

1993 : आपको बैंक के उपमहाप्रबंधक के पद पर प्रोन्नत किया गया तथा चेन्नई स्थित स्टेट बैंक ऑफ़ हैदराबाद में स्थानांतरित किया गया।

1994 : 'उवारांगलिल' कहानी के लिए आपको पद्मराजन सम्मान प्रदान किया गया।

1997 : कॉरपोरेशन बैंक, मंगलौर में महाप्रबंधक के पद पर कार्य किया। आपके उपन्यास *जंगल अडिमकळ* पर एन एफ डी सी द्वारा निर्मित फ़िल्म 'पूतिरुवातिर राविल', को केरल राज्य फ़िल्म पुरस्कार प्रदान किया गया है। कहानी-संग्रह *सेतुविण्टे कथकळ* की कहानियों पर आधारित 17 एपीसोड वाले धारावाहिक का दूरदर्शन पर प्रसारण किया गया।

1999 : सॉउथ इंडियन बैंक लि., त्रिश्शूर जो भारत के निजी बैंकों के क्षेत्र में प्रमुख है, के अध्यक्ष तथा सी ई ओ के पदों पर कार्य किया।

1999 : *कड़मुद्रकळ* उपन्यास के लिए मलायट्टूर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2003 : *पांडवपुरम* उपन्यास के लिए मुट्टत वर्की पुरस्कार प्रदान किया गया।

2005 : बैंकिंग सेवा से सेवानिवृत्त हुए।

2006 : *अडयाळंगळ* उपन्यास के लिए प्रतिष्ठित वयलार पुरस्कार प्रदान किया गया।

2006 : *अडयाळंगळ* उपन्यास के लिए आपको प्रवासी केरल सम्मान, मस्कट भी प्रदान किया गया। बाङ्ला में बनी फ़िल्म *निराकार छाया*, जो *पांडवपुरम* पर आधारित है, का प्रदर्शन स्विट्ज़रलैंड के विख्यात लोकार्नो फ़िल्मोत्सव में किया गया।

2007 : *अडयाळंगळ* ( उपन्यास ) के लिए आपको साहित्य अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

2007 : स्टेट बैंक ऑफ़ ट्रैवेनकोर के निदेशक मंडल में पदभार ग्रहण, जोकि द स्टेट बैंक समूह का एक प्रमुख बैंक है।



अध्यक्ष श्री सुनील गंगोपाध्याय से साहित्य अकादेमी पुरस्कार ( 2007 ) प्राप्त करते हुए